दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

पुलिस कार्रवाई में निशा हेयर कलर का नकली माल बरामद / पुलिस कार्रवाई में निशा हेयर कलर का नकली माल बरामद

छापे की कार्रवाई में नकली माल के 10 केस प्राप्त हुए जिसका मूल्य करीब 50 हजार रुपए है।

Jun 15, 2018, 02:03 PM IST

कार्रवाई करती पुलिस और अन्य अधिकारी।

इंदौर। हेयर कलर की अग्रणी कंपनी प्रेम हिना प्रा. लि. का पॉपुलर प्रोडक्ट निशा हेयर कलर का नकली माल इंदौर के रानीपुरा स्थित होलसेल एवं कॉस्मेटिक मार्केट में मार्डन कटंलरी के यहां बरामद किया गया। यहां छापे की कार्रवाई में नकली माल के 10 केस प्राप्त हुए जिसका मूल्य करीब 50 हजार रुपए है।

यह कार्रवाई मुंबई हाईकोर्ट के आदेशानुसार की गई। थाना सेंट्रल कोतवाली के हेड कांस्टेबल भगवती प्रसाद और उनकी टीम के लीगल अधिकारी प्रशांत गोहद, माधव मुधाले, सोमन सेंगर और निशा हेयर कलर के सेल्स अधिकारी दीपक यादव द्वारा मार्डन कटलरी के प्रोपराइटर कपिल कुमार और सुनील कुमार पर यह कानूनी कार्रवाई की गई।

इससे पहले भी पुलिस टीम ब्रांडेड कंपनी के नाम से हूबहू नकली प्रोडक्ट बेचने वालों के खिलाफ समय-समय पर अभियान चलाती रहती है।

Source: https://www.bhaskar.com/news/nakali-maal-baramad-5895775.html